श्याम धणी सरकार | By Dev Bambiwal

मतलब से भरी दुनिया को छोड़ के श्याम धणी सरकार
आया तेरे द्वार, सुनलो मेरी पुकार
मैं तो गया हूँ हार मेरे सांवरे सरकार
मतलब से भरी दुनिया ....

खुशियां हुई ओझल छाये हैं अंधियारे
कल तक जो अपने थे दुश्मन हुए सारे
अरदास यही है श्याम धणी चरणों में रख लो दास
करदो ना उपकार, सुनलो मेरी पुकार
श्याम धणी सरकार सुनलो मेरी पुकार

अब छोड़ कर तुमको कहीं और ना जाऊं
तेरी चौखट पे बाबा चाहे मैं मर जाऊं
विश्वास यही है श्याम धणी होगी ना मेरी हार
इतनी लेकर आस आया तेरे द्वार
श्याम धणी सरकार सुनलो मेरी पुकार

आँखों से अश्कों की धारा ये बहती हैं
धड़कन मेरी बाबा हर पल ये कहती है
हारे को मिलती जीत यहाँ है सच्चा ये दरबार
होके बड़ा लाचार आया तेरे द्वार
श्याम धणी सरकार सुनलो मेरी पुकार
मैं तो गया हूँ हार मेरे सांवरे सरकार
मतलब से भरी दुनिया ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-dev-bambiwal/